प्रदेश के किसानों के खाते में भेजी गई 3849 करोड़ रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि

चर्चा में क्यों?

15 नवंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के 1.75 करोड़ से अधिक (175.28 लाख) किसानों के खाते में पीएम किसान निधि की 15वीं किस्त के रूप में 3,849 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी ज़िले से देशभर के 8 करोड़ से अधिक किसानों के लिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 15वीं किस्त के रूप में 18 हज़ार करोड़ रुपए की राशि जारी की। इस क्रम में उत्तर प्रदेश के 1.75 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में ये राशि हस्तांतरित की गई।
- प्रदेश के 1.80 करोड़ से अधिक किसानों के भूलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग एवं
- ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, शेष किसानों के लिये 30 नवंबर तक 15वीं किस्त जारी की जाएगी।
- गौरतलब है कि भारत सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की 15वीं किस्त पाने के लिये लाभार्थियों के भूलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग व ई-केवाईसी को अनिवार्य किया है। प्रदेश में 2.26 करोड़ किसानों के भूलेख अंकन, 2.04 करोड़ किसानों के बैंक खाते की आधार सीडिंग व 1.77 करोड़ कृषकों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है।
- पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक चार माह पर 2000 रुपए की दर से, वर्ष में कुल 6000 रुपए की राशि बैंक खाते में सीधे स्थानांतरित की जाती है। यह योजना दिसंबर 2018 में प्रारंभ की गई थी।
- उत्तर प्रदेश में योजना के आरंभ से अब तक 2,62,21,153 किसान इस योजना से कम-से-कम एक बार लाभान्वित हो चुके हैं। योजना के तहत प्रदेश में किसानों के खाते में अब तक 59,149.69 करोड़ रुपए की राशि भेजी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-kisan-samman-nidhi-of-rs-3849-crore-sent-to-the-accounts-of-farmers-of-the-state